आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 18.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्र सरकार ने एक राष्ट्र–एक चुनाव के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया –पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का रास्ता साफ।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को देश की उन्नति के लिए महत्वपूर्ण बताया।

- प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 36 लाख बच्चों को सप्ताह में 3 दिन दूध मुहैया कराया जायेगा।

- राज्य के विभिन्न स्थानों पर आज हल्की से मध्यम बारिश–धौलपुर और भरतपुर जिलों में कहीं–कहीं भारी बरसात के आसार।

0000

केन्द्र सरकार ने आज एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है, इससे पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया।

...................

श्री वैष्णव ने यह भी घोषणा की कि सरकार ने फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर रबी सीजन 2024–2025 के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने 79 हजार 156 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी है।

...................

श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए चंद्रयान–4 मिशन और वीनस ऑर्बिटर मिशन को मंजूरी दी है।

मंत्री ने यह भी कहा कि कैबिनेट ने एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च इनोवेशन और उद्यमिता विकास योजना को भी मंजूरी दे दी है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी न केवल देश की सांस्कृतिक तथा आर्थिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि महिलाओं की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भी आवश्यक है। वे आज दोपहर जयपुर के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे तो वे अधिक उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों की महत्वाकांक्षाएं राष्ट्र के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के विद्यार्थियों से राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करने की अपेक्षा स्वाभाविक है।

...................

राष्ट्रपति मुर्मु ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने निजी जीवन में ऐसे प्रयास करें जिससे पर्यावरण को कम से कम नुकसान हो और पर्यावरण संरक्षण के लिए नई तकनीकें विकसित की जानी चाहिए।

समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने युवाओं से अर्जित तकनीकी ज्ञान का राष्ट्र के विकास में उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी को राष्ट्र आराधना करते हुए देश और समाज की उन्नति के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि युवा नए नए विचारों के साथ समाज और राष्ट्र उत्थान के लिए कार्य करें। एमएनआईटी के निदेशक प्रो. एन. पी. पाढ़ी ने बताया कि संस्थान को शोध और अनुसंधान में 15 पेटेंट मिले हैं।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कुल 1 हजार 361 डिग्रियां प्रदान की, जिनमें से 805 स्नातक, 477 स्नातकोत्तर और 79 पीएचडी की डिग्री शामिल है। इनमें से 402 डिग्रियां छात्राओं को प्रदान की गई। राष्ट्रपति ने 20 स्वर्ण पदक भी प्रदान किए। उन्होंने संस्थान के नए अरावली छात्रावास का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया।

000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में नाबालिगों के लिये एनपीएस योजना वात्सल्य का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम से जयपुर सहित देश के 75 शहरों से बैंकों के अधिकारी, कर्मचारी और लाभार्थी वर्चुअली जुड़े। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक हर्षद कुमार सोलंकी , नाबार्ड के उप महाप्रबंधक विद्वान भगत, आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक मनीष मंडल ने योजना से जुड़ने वाले 26 बच्चों को स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या कार्ड वितरित किए। श्री सोलंकी ने बताया कि इस योजना में माता–पिता बच्चे के नाम पर सालाना 1,000 रुपये का न्यूनतम निवेश कर सकते हैं।

......................

कोटा, जोधपुर और अजमेर में भी वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किये गये। गौरतलब है कि इस योजना को पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा संचालित किया जाएगा।

000

.....................

प्रदेश के 62 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले लगभग 36 लाख बच्चों को सप्ताह में 3 दिन दूध उपलब्ध करवाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इसके लिए जरूरी प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए हैं । आज सचिवालय में महिला और बाल विकास विभाग की बैठक में ये निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2024–25 के परिवर्तित बजट में इस बारे में घोषणा की गई थी। इस योजना के लिए खरीदे जाने वाले मिल्क पॉवडर पर 200 करोड रूपये वार्षिक खर्च किये जायेंगे।

0000

प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का दायरा अब और बढ़ाया जाएगा। इस योजना के तहत सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों का नेटवर्क अब गांवों तक भी उपलब्ध हो सकेगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जन–जन तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी से अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए

आवश्यतानुसार नियमों में बदलाव कर उन्हें सरल बनाया जाए। साथ ही, योजना से संबंधित समस्याओं को दूर करने संबंधी व्यवस्था को और मजबूत किया जाए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला शुरू की गई है। आज हम आपको बता रहे हैं, युवा शक्ति को पंख देने के लिए सरकार द्वारा लिए गए फैसलों के बारे में।

....................

000

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आज हल्की से मध्यम बारिश हुई है। श्रीगंगानगर में आज मौसम ने पलटी मारी। इसके चलते सादुलशहर क्षेत्र में हल्की बरसात हुई, जबकि मंझुवाश, जिला मुख्यालय सहित अन्य हिस्सों में तेज धूलभरी आंधी चली। चूरू और आस पड़ौस के गांवों में बारिश होने से किसान खुश नजर आए उनका कहना है कि इस बारिश से फसल को फायदा होगा। हनुमानगढ में भी बाशि हुई। सीकर के राणोली में तेज बरसात हुई। भरतपुर में दिनभर बारिश का सिलसिला जारी रहा। धौलपुर में भी अच्छी बारिश हुई है। करौली और आसपास के क्षेत्र में रूक–रूक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट हुई है। डूंगरपुर और झालावाड़ में शाम को बरसात हुई है। मौसम विभाग ने आज जयपुर, अजमेर, कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज धौलपुर, भरतपुर जिलों और आसपास के इलाकों में कहीं–कहीं भारी बारिश होने के आसार हैं।

.........................

000

चार दिवसीय 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' कल से नई दिल्ली में शुरू होगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इस आयोजन में 90 से अधिक देश, 26 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश तथा 18 केंद्रीय मंत्रालय भाग लेंगे। जापान भागीदार देश होगा और वियतनाम और ईरान मुख्य देश के रूप में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्थिरता मुख्य बिन्दु होंगे।

यह आयोजन खाद्य प्रसंस्करण में एक वैश्विक शक्ति के रूप में भारत की उभरती भूमिका को उजागर करने का भी एक ऐतिहासिक अवसर है।

000

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत 22 सितंबर को जोधपुर जिले की सभी पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में निरक्षरों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा ली जाएगी। इस परीक्षा में साक्षरता कक्षा में पढ रहे और 15 साल से अधिक आयु के युवक–युवतियां, जिनके पास किसी तरह का शैक्षणिक प्रमाण पत्र नहीं है, भाग ले सकेंगे। परीक्षा के लिए जिले में 613 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। निरक्षर अपनी सुविधानुसार कभी भी परीक्षा केन्द्र पर आकर परीक्षा दे सकते है।

000